UNIVERSAL
LIBRARY
OU_176175
UNIVERSAL
LIBRARY

OUP—67—11-1-68—5,000.

**OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY**

Call No. H294.523 V85M Accession No. 5, ف، HK

Author विवेकानन्द, स्वामी

Title मरणोत्तर जीवन 1950.

This book should be returned on or before the date last marked

# मरणोत्तर जीवन

स्वामी विवेकानन्द

अनुवादक—पण्डित द्वारकानाथ तिवारी
बी. ए., एल-एल. बी.

( द्वितीय संस्करण )

श्रीरामकृष्ण आश्रम
नागपुर, मध्यप्रदेश

मई १९५० ]

प्रकाशक—
स्वामी भास्करेश्वरानन्द,
अध्यक्ष, श्रीरामकृष्ण आश्रम, नागपुर—१, म. प्र.

श्रीरामकृष्ण-शिवानन्द-स्मृतिग्रन्थमाला
पुष्प ३१ वाँ

( श्रीरामकृष्ण आश्रम नागपुर द्वारा सर्वाधिकार स्वरक्षित )

मुद्रक—
रामगोपाल गिरधारीलाल श्रीव
बजरंग मुद्रणालय,
कर्नलबाग, स. नं. २, नागपुर

# वक्तव्य

प्रस्तुत पुस्तक का यह द्वितीय संस्करण पाठकों के सम्मुख रखते हमें बड़ी प्रसन्नता होती है। यह पुस्तक स्वामी विवेकानन्दजी के मौलिक अंग्रेजी लेखों का हिन्दी अनुवाद है। इस पुस्तक में स्वामीजी ने पुनर्जन्म के सम्बन्ध में हिन्दूमत तथा पाश्चात्य मत दोनों की बड़ी सुन्दर रूप से विवेचना की है और इन दोनों मतों की पारस्परिक तुलना करते हुए इस विषय को भलीभाँति समझा दिया है कि हिन्दुओं का पुनर्जन्मवाद वास्तव में किस प्रकार नितान्त तर्कयुक्त है, साथ ही यह भी कि मनुष्य की अनेकानेक प्रवृत्तियों का स्पष्टीकरण केवल इसी के द्वारा किस प्रकार हो सकता है।


श्री पं. द्वारकानाथजी तिवारी, बी. ए. एल-एल. बी., वकील, दुर्ग, म. प्र. के हम बड़े आभारी हैं जिन्होंने इस पुस्तक की शैली तथा इसके केन्द्रीय भावों को ज्यों का त्यों रखते हुए बड़ी सफलतापूर्वक इसका हिन्दी अनुवाद करके हमें दिया है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे इस प्रकाशन से समस्त जनता का विशेष हित होगा।

नागपुर, प्रकाशक
ता. २५ मई १९५०

# अनुक्रमणिका

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| १. क्या आत्मा अमर है ? | १ |
| २. पुनर्जन्म | ८ |



स्वामी विवेकानन्द

# मरणोत्तर जीवन

## १. क्या आत्मा अमर है ?

"विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति"

—भगवद्गीता

उस बृहत् पौराणिक ग्रंथ "महाभारत" में एक आख्यान है जिसमें कथानायक युधिष्ठिर से धर्म ने प्रश्न किया कि संसार में अत्यन्त आश्चर्यकारक क्या है? युधिष्ठिर ने उत्तर दिया कि मनुष्य अपने जीवन भर प्रायः प्रतिक्षण अपने चारों ओर सर्वत्र मृत्यु का ही दृश्य देखता है, तथापि उसे ऐसा दृढ़ और अटल विश्वास है कि मैं मृत्युहीन हूँ। और मनुष्य-जीवन में यह सचमुच अत्यन्त आश्चर्यजनक है। यद्यपि भिन्न भिन्न मतावलम्बी भिन्न भिन्न जमाने में इसके विपरीत दलीलें करते आए और यद्यपि इन्द्रिय द्वारा ग्राह्य और अतीन्द्रिय सृष्टियों के बीच जो रहस्य का परदा सदा पड़ा रहेगा उसका भेदन करने में बुद्धि असमर्थ है, तथापि मनुष्य पूर्ण रूप से यही मानता है कि वह मरणहीन है।

हम जन्म भर अध्ययन करने के पश्चात् भी अन्त में जीवन और मृत्यु की समस्या को तर्क द्वारा प्रमाणित करके "हाँ" या

"नहीं" में उत्तर देने में असफल रहे। हम मानव-जीवन की स्थिरता या अस्थिरता के पक्ष में या विरोध में चाहे जितना बोलें या लिखें, शिक्षा दें या उपदेश करें; हम इस पक्ष के या उस पक्ष के प्रबल या कट्टर पक्षपाती बन जायँ; एक से एक पेंचीदे सैकड़ों नामों का आविष्कार करके क्षणभर के लिये इस भ्रम में पड़कर भले ही शान्त हो जायँ कि हमने समस्या को सदा के लिए हल कर डाला; हम अपनी शक्ति भर किसी एक विचित्र धार्मिक मिथ्या विश्वास या और भी अधिक आपत्तिजनक वैज्ञानिक मिथ्या भ्रम से चाहे चिपके रहें, परन्तु अन्त में तो हम यही देखेंगे कि हम तर्क की संकीर्ण गली में खिलवाड़ ही कर रहे हैं और केवल बार बार मार खाने के लिए मानो एक के बाद एक बौद्धिक गोटियाँ उठाते और रखते जाते हैं।

परन्तु केवल खेल की अपेक्षा बहुधा अधिक भयानक परिणाम-कारी इस मानसिक परिश्रम और व्यथा के पीछे एक यथार्थ वस्तु—जिसका प्रतिवाद नहीं हुआ है और प्रतिवाद हो नहीं सकता—वह सत्य, वह आश्चर्य है जिसे महाभारत ने 'अपने ही नाश ( या मृत्यु ) को सोच सकने की हमारी मानसिक असमर्थता' कह कर बताया है। यदि मैं अपने नाश ( या मृत्यु ) की कल्पना करूँ भी तो मुझे साक्षी रूप से खड़े होकर उसे देखते रहना होगा।

अच्छा, अब इस अद्भुत बात का अर्थ समझने का प्रयत्न करने के पूर्व हम यह ध्यान में रखते हैं कि इस एक यथार्थ वस्तु पर सारा संसार टिका हुआ है या खड़ा है। बाह्य जगत की नित्यता

का अटूट सम्बन्ध अन्तर्जगत की नित्यता से है। और चाहे विश्व के विषय में वह सिद्धान्त— जिसमें एक को नित्य और दूसरे को अनित्य बताया गया है—वह सिद्धान्त कितना ही युक्ति-संगत क्यों न दिखे, ऐसे सिद्धान्तवाले को स्वयं ही अपने ही शरीर रूपी यंत्र में पता चल जायेगा कि ज्ञानपूर्वक किया हुआ एक भी ऐसा कार्य सम्भव नहीं है जिसमें कि आन्तरिक और बाह्य संसार दोनों की नित्यता उस कार्य के प्रेरक कारणों का एक अंश न हो। यद्यपि यह बिलकुल सच है कि जब मनुष्य का मन अपनी मर्यादा के परे पहुँच जाता है तब तो वह द्वन्द्व को अखण्ड ऐक्य में परिणत हुआ देखता है। उस असीम सत्ता के इस ओर सम्पूर्ण बाह्य संसार—अर्थात् वह संसार जो हमारे अनुभव का विषय होता है—उसका अस्तित्व विषयी (ज्ञाता) के लिये है ऐसा ही जाना जाता है, या केवल ऐसा ही जाना जा सकता है। और यही कारण है कि हमें विषयी के विनाश की कल्पना करने के पूर्व विषय के विनाश की कल्पना करनी होगी।

यहाँ तक तो स्पष्ट है। परन्तु कठिनाई अब इसके बाद होती है। साधारणत: मैं स्वयं अपने को देह के सिवाय और कुछ हूँ ऐसा सोच नहीं सकता। मैं देह हूँ यह भावना मेरी अपनी नित्यता की भावना के अन्तर्गत है, परन्तु देह तो स्पष्ट ही उसी तरह अनित्य है जैसी कि सदा परिवर्तनशील स्वभाव वाली समस्त प्रकृति।

तब फिर यह नित्यता है कहाँ ?

हमारे जीवन से सम्बन्ध रखने वाली एक और अद्भुत वस्तु है,—जिसके बिना "कौन जी सकेगा और कौन क्षण भर के लिये भी जीवन का सुख भोग सकेगा?"—और वह है "स्वाधीनता की भावना"।

यही भावना हमें पग पग पर प्रेरित करती है, हमारे कार्यों को सम्भव बनाती है और हमारा एक दूसरे से परस्पर सम्बन्ध नियमित करती है—इतना ही नहीं मानवी जीवन रूपी वस्त्र का ताना और बाना यही है। तर्क-ज्ञान उसे अपने प्रदेश से अंगुल अंगुल हटाने का प्रयत्न करता है, उसके प्रान्त का एक एक नाका छीनते जाता है और प्रत्येक पद को कार्य-कारण के लोहनिर्मित रेल पथ (Rail Roadings) से दृढ़ता के साथ लोह-बंधन में कस दिया जाता है। पर वह तो हमारे इन प्रयत्नों को देख कर हँसती है। और आश्चर्य तो यह है कि कार्य-कारण के जिस बृह-त्पुंज के भीतर दबाकर उसका हम गला घोंटना चाहते थे उसी के ऊपर वह अपने को रखी हुई है! और दूसरी तरह हो भी कैसे सकता है? अमर्याद वस्तु के उच्चतर सामान्यीकरण (Generali-sation) द्वारा ही सदैव समर्याद वस्तु को समझा जा सकता है। बद्ध को स्वतंत्र द्वारा ही, सकारण को अकारण द्वारा ही समझा सकते हैं। परन्तु यहाँ भी पुनः वही कठिनाई है। वस्तंत्र कौन है? शरीर, या मन भी, स्वतंत्र है क्या? यह तो स्पष्ट है कि वे भी नियम से उतने ही बद्ध हैं जितने कि संसार के और सब पदार्थ।

अब तो समस्या इस दुविधा का रूप धारण कर लेती है: या तो सारी सृष्टि केवल सदा परिवर्तनशील वस्तुओं का ही सामुदायिक रूप है—और उसके सिवाय और कुछ नहीं है—और वह कार्य-कारण के नियम से ऐसी जकड़ी हुई है कि छूट नहीं सकती, उसमें से किसी अणुमात्र को भी स्वतंत्र अस्तित्व प्राप्त नहीं है, तथापि वह नित्यता और स्वतंत्रता का एक अमिट भ्रम आश्चर्य-जनक रूप में उत्पन्न कर रहा है—अथवा हममें और सृष्टि में कोई ऐसी वस्तु है जो नित्य और स्वतंत्र है, जिससे यह सूचित होता है कि मनुष्य के मन का यह मौलिक प्राकृतिक विश्वास भ्रम नहीं है। यह विज्ञान का काम है कि उच्चतर सामान्यीकरण द्वारा सभी घटनाओं को समझावे। अत: जिस बात की सत्यता को समझाना है उसी के किसी बात का खण्डन करके शेष अंश को उपयुक्त बता कर समझाने की युक्ति वैज्ञानिक कदापि नहीं हो सकती, चाहे वह और कुछ भले ही क्यों न हो।

अत: ऐसी व्याख्या जो स्वतंत्रता की इस प्रबल और सर्वथा आवश्यक भावना की ओर दुर्लक्ष्य करती है और ऊपर कहे अनुसार सत्य के एक अंश का खण्डन करके उसके शेष अंश को समझाती है वह व्याख्या अशुद्ध और भ्रमात्मक है।

तब तो यही दूसरा पक्ष सम्भव है कि अपनी प्रकृति के अनुकूल यही बात मान ली जाय कि हममें ऐसी कोई वस्तु है जो स्वतंत्र और नित्य है।

परन्तु देह वह वस्तु नहीं है और न मन ही वह वस्तु है। देह का नाश तो प्रतिक्षण होता रहता है और मन तो सदा बदलता रहता है। देह तो एक संघात है और उसी तरह मन भी। इसी कारण परिवर्तनशीलता के परे वे नहीं पहुँच सकते। परन्तु जड़ भूत के इस क्षणिक आवरण के परे, मन के सूक्ष्म आवरण के परे भी, मनुष्य का सच्चा स्वरूप नित्य मुक्त सनातन आत्मा अवस्थित है।

उसी आत्मा की स्वतंत्रता की झलक मन और जड़ शरीर के स्तरों के भीतर से आभासित होती है और नाम-रूप द्वारा रंजित होते हुए भी सदा अपने अबाधित अस्तित्व को प्रमाणित करती है।

उसी का अमरत्व, उसी का आनन्दस्वरूप, उसी की शान्ति और उसी का दिव्यत्व प्रकाशित हो रहा और अज्ञान के मोटे मोटे स्तरों के रहते हुए भी वह अपने अस्तित्व का अनुभव कराती रहती है, वही यथार्थ मनुष्य है, निर्भय है, अमर है और स्वतंत्र है।

अब स्वतंत्रता तो तभी सम्भव है जब कि कोई बाहरी शक्ति अपना प्रभाव न डाल सके, कोई परिवर्तन न कर सके; स्वतंत्रता उसीके लिये सम्भव है जो सभी बन्धनों से परे हो, सभी नियमों से परे हो और कार्य-कारण की शृंखला से भी परे हो। कहने का तात्पर्य यही है कि एक अव्यय (पुरुष) ही स्वतंत्र हो सकता है और उसी कारण अमर भी हो सकता है।

## क्या आत्मा अमर है ?

यह पुरुष, यह आत्मा, मनुष्य का यह यथार्थ स्वरूप, स्वतंत्र, अव्यय अविनाशी सभी बन्धनों से परे है, और इसीलिये वह न तो जन्म लेता, न मरता है। "मनुष्य की यह आत्मा नित्य, सनातन और जन्म-मरणरहित है।"*

---

* न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वाऽभविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥

—गीता, २।२०

## २. पुनर्जन्म

**बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन।**
**तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तप॥**

**—भगवद्गीता, ४।५**

सभी देशों में और सभी जमाने में मनुष्य की बुद्धि को चक्कर में डालने वाली अनेक पहेलियों में से सब से पेंचीदा स्वयं मनुष्य ही है। इतिहास के उषाकाल से जिन लाखों रहस्यों के उद्घाटन करने में मनुष्य की बहुतेरी शक्तियों का व्यय किया गया है उनमें सब से अधिक रहस्यमयी है स्वयं उसकी प्रकृति। वह तो बिलकुल ही न सुलझने लायक पेंचीदा गोरखधंधा है और साथ ही साथ अन्य सभी समस्याओं से बढ़कर महत्वपूर्ण है। हम जो कुछ जानते हैं, अनुभव करते हैं और कार्य करते हैं उन सब का मानव प्रकृति ही प्रारम्भस्थान और भाण्डार होने के कारण कभी भी ऐसा समय नहीं रहा है और न भविष्य में ही रहेगा जब कि मानव प्रकृति मनुष्य के लिये सब से अधिक और सर्वप्रथम विचार का विषय न हो।

मानव अस्तित्व के ही साथ अति निकट सम्बन्ध रखने वाली प्रबल जिज्ञासा उस सत्य के प्रति होने के कारण, या बाह्य सृष्टि के माप के आन्तरिक पैमाने के लिये सर्वोपरि उत्कट इच्छा रहने के कारण, या परिवर्तनशील संसार में एक अचल केन्द्र प्राप्त

करने की अत्यधिक स्वाभाविक आवश्यकता प्रतीत होने के कारण, मनुष्य कभी कभी मुट्ठी भर धूलि को ही सुवर्ण जानकर ग्रहण कर लेता है और तर्क या बुद्धि से श्रेष्ठ आन्तरिक ध्वनि द्वारा सचेत किये जाने पर भी अन्तःस्थित ईश्वरत्व का सच्चा अर्थ ठीक ठीक लगाने में कई बार भूल करता है, तथापि जब से खोज या शोध का प्रारम्भ हुआ है तब से ऐसा समय कभी नहीं रहा जब कि कोई जाति या कुछ व्यक्तियों ने सत्य के दीपक को ऊँचा नहीं उठाया।

चारों ओर की परिस्थिति और अनावश्यक ब्योरों की एकांगी, ऊपर ही ऊपर, और पूर्वग्रहदूषित धारणा करके कभी कभी अनेक सम्प्रदायों और पंथों के अनिश्चित मतों से ऊब कर और—दुःख की बात है कि बहुधा संगठित पुरोहित दल के घोर अन्ध विश्वास के कारण अत्यन्त विपरीत दिशा में पहुँच जाने के कारण पुराने जमाने में या आजकल प्रौढ़ बुद्धि वाले अनेक मनुष्यों ने सत्य की शोध को निराश होकर छोड़ ही नहीं दिया वरन् उसे निष्फल और निरुपयोगी भी बतला दिया। भले ही दार्शनिक लोग क्रुद्ध हों और नाक-भौंह सिकोड़ें और पुरोहित लोग अपना रोजगार तलवार के बल पर ही क्यों न जारी रखें, परन्तु सत्य तो उनको प्राप्त होता ही है जो निर्भय होकर बिना दूकानदारी किये उसके मन्दिर में जाकर केवल उसी के हेतु पूजा करते हैं।

प्रकाश उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होता है जो अपनी बुद्धि द्वारा सचेष्ट होकर प्रयत्न करते हैं, यद्यपि वह धीरे से सम्पूर्ण राष्ट्र

के पास बिना जाने पहुँच जाता है। दार्शनिक तत्त्ववेत्ता लोग महामना पुरुषों द्वारा सत्य की खोज के लिये इच्छापूर्वक किये हुए विशेष प्रयत्नों का विवरण करते हैं, और इतिहास यह बताता है कि वही सत्य किस प्रकार धीरे धीरे चुपके से सारी जनता में प्रविष्ट हो गया।

मनुष्यों ने अपने सम्बन्ध में जितने सब सिद्धान्त निकाले हैं उन सब में से अत्यधिक प्रचलित, शरीर से भिन्न अस्तित्व वाले अमर आत्मा का ही है। और ऐसे आत्मा को माननेवालों में से अधिकांश विचारवान लोग सदा उसके पूर्व अस्तित्व में भी विश्वास करते आये हैं।

वर्तमान समय में संगठित धर्म वाले अधिकांश मनुष्य यही विश्वास रखते हैं और सुसम्पन्न देशों के अत्युत्तम विचारशील पुरुष यद्यपि वे आत्मा के पूर्व-अस्तित्व के विरोधी धर्म में पले हैं तथापि वे उस विश्वास का समर्थन करते हैं। यह विश्वास हिन्दू धर्म और बौद्ध धर्म का आधार है, पुराने मिस्र देश निवासी विद्वान् लोग इसे मानते थे। पुराने ईरानी लोगों ने भी इस विश्वास को ग्रहण किया, यूनानी तत्त्ववेत्ताओं ने इसे अपने दर्शनशास्त्र की नींव बनाई, हिब्रुओं में से फैरिसी लोगों ने इसे स्वीकार किया, मुसल्मानों में से प्रायः सभी सूफियों ने इसकी सत्यता को मान लिया।

भिन्न भिन्न देशों में वहाँ की विशेष परिस्थितियों के कारण भिन्न भिन्न मत उत्पन्न होते हैं और बढ़ते हैं। पुराने राष्ट्रों को यह

समझने के लिये कि मृत्यु के उपरान्त शरीर का भी कोई अंश जीवित रह सकता है कई युगों का समय व्यतीत करना पड़ा। और शरीर से अलग कोई ऐसी वस्तु है जो स्थायी बनी हुई जीवित रहती है इस प्रकार का युक्ति-संगत मत निश्चित करने के लिये उनको उससे भी अधिक और कई युग लग गये। जब यह मत निश्चित होगया कि एक कोई ऐसी वस्तु का अलग अस्तित्व है जिसका सम्बन्ध शरीर के साथ थोड़े ही समय के लिये रहता है, तभी और केवल उन्हीं राष्ट्रों में, जो इस सिद्धान्त पर पहुँचे, यह अनिवार्य प्रश्न सामने आया—कि वह कहाँ से आई और कहाँ जायगी?

पुराने हिब्रू लोग आत्मा के विषय के कोई विचार अपने मन में न लाकर शान्त बने रहे। उनकी दृष्टि में तो मरण ही सब का अन्त करने वाला था। कार्ल हेकेल ठीक कहते हैं कि "यद्यपि यह सच है कि 'पुराने टेस्टामेंट' ( Old Testament ) में निर्वासन के पूर्व हिब्रू लोग शरीर से विभिन्न तत्त्व को पहिचानते हैं जिसे वे 'नफेश' ( Nephesh ), 'रुआख' ( Ruakh ), 'नेशाम' (Neshama) कहते हैं पर इन शब्दों से आत्मा की अपेक्षा श्वास का बोध होता है। पैलेस्टाइन निवासी यहूदियों के लेखों में भी निर्वासन के उपरान्त अलग अस्तित्व वाले अमर आत्मा की कहीं चर्चा नहीं है बल्कि सर्वत्र ईश्वर से निकलने वाले केवल उस 'प्राणवायु' का ही उल्लेख है जो शरीर के नाश होने पर ईश्वरी 'रुआख' में पुनः सम्मिलित हो जाता है।

पुराने मिस्रदेशवासी और खाल्डीयन ( Chaldeans ) लोगों का आत्मा के सम्बन्ध में एक विशेष प्रकार का विचित्र मत था, पर मृत्यु के उपरान्त इस जीवित रहने वाले अंश के सम्बन्ध का वह मत, और पुराने हिन्दू, ईरानी, यूनानी या अन्य आर्यजाति का मत, दोनों एक ही थे ऐसा भ्रम न हो। अत्यन्त पुराने जमाने से ही आर्यों के और संस्कृत भाषा न बोलने वाले म्लेच्छों के आत्मा सम्बन्धी विचारों में भारी अन्तर था। उन विचारों का बाह्यस्वरूप मृत शरीर की जो व्यवस्था की जाती है उस पर से दिखाई देता है। बहुधा म्लेच्छों का भरसक प्रयत्न यही रहता है कि मृत शरीर की—सावधानी के साथ उसे गाड़कर या और अधिक परिश्रम के साथ मसाला लगा कर उसे ज्यों का त्यों बनाये रखते हुए—रक्षा की जाय। इसके विपरीत आर्यों की साधारण प्रथा मृत शरीर को जला डालने की है।

यहीं तो एक भारी रहस्य की कुंजी है—यथार्थ तो यही है कि कोई भी म्लेच्छ जाति वाले—चाहे मिस्रदेशवासी हों या एसीरियन या बेबीलोनियन—आर्यों की, विशेषकर हिन्दुओं की सहायता के बिना, कभी इस सिद्धान्त पर नहीं पहुँचे कि आत्मा का अलग अस्तित्व है और वह शरीर से स्वतंत्र रह कर भी अलग जी सकती है।

यद्यपि "हिरोडोटस" का कहना है कि मिस्रदेशवासियों को ही सर्वप्रथम आत्मा की अमरता का ज्ञान हुआ, और वह मिस्रवासियों का यह सिद्धान्त भी बताता है कि "शरीर के नाश होने पर आत्मा जन्म लेने वाले प्राणियों में पुनःपुनः प्रवेश करती है और "थलचर,

जलचर, नभचर प्राणियों में भटकते भटकते तीन सहस्र वर्षों के पश्चात् पुनः मनुष्य शरीर को लौट कर आती है," तो भी मिस्र-देशीय प्राचीन इतिहास के आधुनिक शोध करने वालों ने उस देश के सर्वसाधारण धर्म में आत्मा की देहान्तर-प्राप्ति के सिद्धान्त का (Metempsychosis) कोई पता नहीं पाया। इसके विपरीत मैसपैरो, ए. एरमैन और अन्य विख्यात आधुनिक मिस्र संशोधक तो इसी अनुमान की पुष्टि करते हैं कि मिस्र देशवासी पुनर्जन्म (Palingenesis) के सिद्धान्त से परिचित नहीं थे।

पुराने इजिप्त (मिस्र देश) वासी आत्मा को केवल दुहरा-रूपवाला या जोड़ावाला मानते थे और उनका यह विश्वास था कि वह अपने निजी अलग अस्तित्व से रहित है और शरीर से सम्बन्ध-विच्छेद नहीं कर सकती। जब तक शरीर है तभी तक वह वर्तमान रहती है और यदि संयोगवश मृत शरीर का नाश हो गया तो उस शरीर से छूटी हुई आत्मा को पुनः दुबारा मृत्यु और विनाश का दुःख भुगतना पड़ता है।

मृत्यु के उपरान्त आत्मा संसार भर स्वतंत्रतापूर्वक विचरण कर सकती थी, परन्तु वह रात के समय सदा दुखी, सदा भूखी-प्यासी, जिस स्थान में उसका मृत शरीर रहता था वहीं लौटकर आ जाया करती थी; उसकी सदैव पुनः एक बार जीवन के सुख भोगने की अत्यन्त उत्कट इच्छा रहती थी, पर उस इच्छा को वह कभी पूर्ण नहीं कर सकती थी। यदि उसके पुराने शरीर के किसी भाग में

कोई चोट आ जाय तो आत्मा के भी उसी भाग में अवश्य ही चोट आ जाती थी। अपने इसी विचार के कारण इजिप्त निवासी अपने यहाँ के मुरदों की रक्षा करने के लिये प्रयत्नशील रहते हैं। पहिले तो उन्होंने मुरदों को गाड़ने के लिये मरुस्थल को पसंद किया था, क्योंकि वहाँ की सूखी हवा में शरीर का नाश शीघ्र नहीं होता था और इसी कारण गई हुई आत्मा को दीर्घ जीवन प्राप्त हो जाता था।

कुछ काल के उपरान्त उनके यहाँ के एक देवता ने मुर्दे को ज्यों का त्यों बनाये रखने की विद्या (Mummification) का आविष्कार किया। इस विद्या द्वारा श्रद्धावान् लोग अपने पूर्वजों के मृत शरीरों को प्रायः अनन्त काल तक रख सकने की आशा करने लगे जिससे कि मृत आत्मा (या प्रेतात्मा), वह चाहे जितनी भी दुःखी क्यों न हो, अमरत्व प्राप्त कर सके।

जिस संसार में आत्मा अब आगे कोई आनंद नहीं प्राप्त कर सकती उस संसार के लिये सदैव शोक करते रहने से मृत पुरुष के दुःख और पीड़ा का कोई अन्त नहीं रहता था। मृत पुरुष चिल्ला उठता, "अरे मेरे भैय्या! खान-पान, नशा कुछ भी मत छोड़ो, प्रेम और सुखोपभोग से भी अलग मत होओ, चाहे रात हो या दिन, अपनी वासनाओं की तृप्ति से विरत मत होओ, अपने हृदय में दुःख मत लाओ—क्योंकि मनुष्य को पृथ्वी पर रहना ही कितने वर्ष है। 'पश्चिम' तो घोर निद्रा और गहरी छाया का स्थान है, जहाँ के निवास करनेवाले एक बार स्थापित कर दिये जाने पर अपने

'ममी' ( Mummy ) रूप में सदा सुप्त रहते हैं और अपने भाइयों को देखने के लिये कभी जागृत नहीं हो सकते; वे अपने माता-पिता को अब आगे कभी नहीं पहिचानते और अपनी स्त्रियों और बच्चों को भी अन्तःकरण से भूल जाते हैं। वह सजीव जल जिसे पृथ्वी अपने ऊपर बसने वाले सभी को देती है, वह जल भी मेरे लिये दूषित और मृत बन जाता है; वह जल पृथ्वी पर रहनेवालों के लिये तो बहता हुआ है, पर मेरे लिये तो वह जल, जो मेरा है, केवल सड़ा हुआ द्रवमात्र है; जब से मैं इस श्मशानघाटी में आया हूँ, मैं कहाँ हूँ, और क्या हूँ, यही नहीं जान पाता। मुझे बहता पानी पीने को दो, मुझे जल के किनारे मेरा मुँह उत्तर की ओर करके रख दो जिससे कि मुझे शीतल वायु का स्पर्शसुख प्राप्त हो और मेरा हृदय अपने दुःख से छूटकर प्रफुल्ल हो उठे।"*

यद्यपि खाल्डीयन लोग इजिप्तवालों की भाँति मृत्यु के अनन्तर आत्मा की अवस्था का इतना हिसाब लगाते नहीं बैठते पर तो भी उन लोगों में भी आत्मा दो रूपवाली है और अपनी कबर से ही बँधी रहती है। वे भी भौतिक शरीर से अलग अवस्था की कल्पना नहीं कर सके और मुरदे के पुनः जी उटने की आशा करते थे।

---

* ये मूल पंक्तियाँ ब्रुग्श ( Brugsch ) द्वारा जर्मन भाषा में अनुवादित की गई हैं, डाय् इजिप्टिश ग्रेबरवेल्ट ( Die Egyptische Graberwelt ), पृष्ठ ३९,४०; इसी प्रकार उनका अनुवाद फ्रान्सीसी भाषा में मेस्पेरो द्वारा किया गया है, एटयूड्स इजिप्टिएन्निज ( Etudes Egyptiennes ), भाग १, पृष्ठ १८१-१९०।

और यद्यपि देवी इस्तार ( Ishtar ) ने बड़ी बड़ी विपत्तियों को भोगकर और दुःसाहसपूर्ण कार्य करके अपने गड़रिया पति डूमूजी ( Dumuji )—इया ( Ea ) और डैमकिना ( Damkina ) के पुत्र—को पुनः जिला लिया, पर "अत्यन्त धार्मिक भक्तगण भी अपने मृत मित्रों और बन्धु-बान्धवों को पुनर्जीवन प्राप्त कराने के लिये इस मन्दिर से उस मन्दिर में प्रार्थना करते व्यर्थ ही भटकते रहे।"

इस प्रकार हम देखते हैं कि पुराने जमाने के इजिप्तवासी या खाल्डीयन लोग आत्मा का विचार उसे मृत पुरुष के मृतक शरीर से या कब्र से अलग रख कर नहीं कर सकते थे। इस पृथ्वी पर का जीवन ही सब से बढ़कर था और मृत पुरुष उसी जीवन को पुनः भोगने का अवसर प्राप्त करने के लिये सदा लालायित रहते थे और जीवित पुरुष सदा यही आशा करते थे कि हम उनकी दुःखी आत्मा ( शरीर के जोड़े ) का अस्तित्व अधिक काल तक बनाये रखने में सहायता पहुँचायें और वे इसलिए भरपूर प्रयत्न भी करते थे।

यह मन की वह अवस्था नहीं है जहाँ से आत्मा का कोई उच्चतर ज्ञान अंकुरित हो सके। प्रथम तो वह बहुत ही भौतिकता-पूर्ण है और तिस पर भी भय और दुःख से भरी है। दुष्टता की प्रायः अगणित शक्तियों से डरकर, और निराशा के साथ उनसे बचने का दुःखमय प्रयत्न करते हुए, जीवित पुरुषों की आत्मा भी—मृत पुरुषों की आत्मा के सम्बन्ध की धारणा के अनुसार—संसार भर भटकती हुई—कभी भी कब्र और सड़ते हुए मुरदे के आगे नहीं बढ़ सकी।

चलो, अब हम आत्मा सम्बन्धी उच्चतर विचारों के उद्गम के लिये एक और जाति की ओर चलें, जिनका ईश्वर दयानिधान सर्व-व्यापी पुरुष है और अनेक प्रकाशमान दयालु और सहायक देवों के रूप में प्रकट होता है; मानव जाति में सर्व प्रथम जिन्होंने ईश्वर को पिता कहकर पुकारा—"हे भगवन्! मेरे हाथों को पकड़कर मुझे उसी प्रकार ले चल जैसे पिता अपने प्यारे पुत्र को ले जाता है;" जो लोग जीवन को आशामय मानते थे, उसे निराशापूर्ण नहीं समझते थे; जिनका धर्म, उन्माद और आवेशपूर्ण जीवन में, दुःखी मनुष्य के मुँह से बारी बारी से निकलने वाली दुःखभरी आहों का शब्द नहीं होता था वरन् जिनके विचार खेतों और अरण्यों के सुवास से सुगन्धित होकर हमें प्राप्त होते हैं; जिनके स्तुतिपूर्ण गीत—दिवाकर के प्रथम किरणों से प्रकाशित इस सुन्दर संसार का अभिनन्दन करते समय पक्षियों के गले से निकले हुए मधुर गीतों के समान स्वाभाविक स्वतन्त्र, आनन्दपूर्ण—अभी भी अस्सी शताब्दियों की अवधि के भीतर से स्वर्ग से नई पुकार की तरह हमें सुनाई दे रहे हैं;—हम उन पुराने आर्यों की ओर झुकते हैं।

"मुझे उस मरणरहित, विनाश रहित सृष्टि में पहुँचा दो जहाँ स्वर्ग का प्रकाश और सनातन तेज चमक रहा है;" "मुझे उस राज्य में अमर बना दो जहाँ राजा विवस्वान् का पुत्र निवास करता है, जहाँ स्वर्ग का गुप्त मन्दिर है;" "मुझे उस राज्य में अमर बना दो जहाँ श्रवण करते करते वे डोलते हैं;" "अन्तःस्थित स्वर्ग के तृतीय

मण्डल में, जहाँ सारी सृष्टि प्रकाशपूर्ण है, मुझे उस आनन्द के साम्राज्य में अमर बना दो;"—ये आर्यों के सबसे पुराने ग्रंथ 'ऋग्वेदसंहिता' के प्रार्थनामंत्र हैं।

हमें म्लेच्छों और आर्यों के आदर्श में एकदम जमीन-आसमान का अन्तर दिखाई देता है। एक को तो, यह शरीर और यह संसार ही सम्पूर्ण सत्य प्रतीत होता है और उसके लिये यही इष्ट वस्तु हो जाता है। वह थोड़ासा जीवन-रस—जो इन्द्रियों के उपभोग के चले जाने से दुःख और आपत्ति का अनुभव करने के लिये, मृत्यु-काल में शरीर से उड़ जाता है, वही, यदि शरीर की रक्षा सावधानी के साथ की गई तो, पुनः लौटकर आजायेगा, इस प्रकार की व्यर्थ आशा वे करते रहते हैं; और इसी कारण जीवित मनुष्य की अपेक्षा मुर्दा अधिक सावधानी से सुरक्षित रखने की वस्तु बन जाती है। दूसरे को यह पता लग चुका है कि शरीर को छोड़कर जाने वाला ही 'यथार्थ मनुष्य' है और जब शरीर से वह अलग हो जाता है तब वह शरीर में रहते समय जो आनन्द कभी नहीं पाया था उससे अधिक आनन्द का उपभोग करता है। अतः वे उस सड़ते हुए मुर्दे को जलाकर नष्ट कर देने की शीघ्रता करने लगे।

यहाँ हमें उस मूल का पता लगता है जिससे आत्मा की सच्ची कल्पना का उद्गम हुआ। यही स्थान है, जहाँ कि शरीर नहीं वरन् आत्मा ही यथार्थ मनुष्य है, इसका पता चला; यही स्थान है, जहाँ कि यथार्थ मनुष्य और उसके शरीर के अटूट सम्बन्ध होने के समस्त

विचारों का अभाव है; इसीलिये यहाँ पर आत्मा की स्वतंत्रता के उदार विचार का उदय हो सका। और जब आर्यों ने दिवंगत आत्मा जिस शरीररूपी चमकीले वस्त्र के भीतर लपेटा रहता है उसको भेद कर भीतर देखा तब उन्हें उस आत्मा के यथार्थ स्वभाव, एकाकी, आकारहीन विशिष्ट तत्त्व होने का पता चला और तभी यह अनिवार्य प्रश्न उठा—–कि वह कहाँ से आई?

भारतवर्ष में और आर्यों में ही पूर्वजन्म, अमरत्व और आत्मा के व्यक्तित्व का सिद्धान्त प्रथमतः प्रकट हुआ। इजिप्त देश के आधुनिक संशोधन में इस पृथ्वी पर के जीवनकाल के पूर्व और पश्चात् रहने वाले स्वतंत्र व्यक्तिमान आत्मा के सिद्धान्तों का नाम निशान नहीं पाया जाता। किसी किसी रहस्यग्रंथ में यह विचार है, पर उनमें वह भारतवर्ष से ही सम्बन्ध रखता पाया गया है।

कार्ल हेकेल कहते हैं–– "मुझे निश्चय हो चुका कि जितनी अधिक गम्भीरता से हम इजिप्तवालों के धर्म का अध्ययन करते हैं उतना ही अधिक स्पष्ट हमें यह दिखता है कि सर्वसाधारण इजिप्शियन धर्म के लिये आत्मा की देहान्तर-प्राप्ति ( Metempsychosis ) का सिद्धान्त बिल्कुल पराई वस्तु थी और जिस किसी भी रहस्यग्रंथ में वह बात है वह ओसाइरिस ( Osiris ) उपदेशों के अन्तर्गत नहीं है, वह हिन्दू ग्रंथों से प्राप्त किया है।"

तत्पश्चात् हम एलेक्जेण्ड्रिया के यहूदियों में व्यक्तिमान आत्मा का सिद्धान्त देखते हैं और ईसामसीह के समय के फैरिसी लोग

भी—जैसा हम पहिले बता चुके हैं—न केवल स्वतंत्र आत्मा में ही विश्वास करते थे वरन् भिन्न भिन्न शरीरों में वह भटकता रहता है, यह भी मानते थे; और इस प्रकार यह जानना आसान हो जाता है कि ईसामसीह एक पुराने पैगम्बर के अवतार कैसे माने गये; और स्वयं ईसामसीह ज़ोर देकर कहते थे कि पैगम्बर इलियस ही जॉन बैप्टिस्ट बनकर पुन: आये थे। "यदि आप इसे मानें तो यह इलियस ही है जो आने वाला था"—मैथ्यु, ११—१४।

आत्मा और उसके स्वतंत्र व्यक्तित्व का विचार हिब्रुओं में, मालूम होता है, इजिप्शियन लोगों के उच्चतर रहस्यमय उपदेशों के द्वारा पहुँचा और इजिप्तवालों ने भारतवर्ष से ग्रहण किया। और वह विचार एलेक्जेंड्रिया के रास्ते आया यह बात सार्थक है, क्योंकि बौद्ध ग्रंथों से स्पष्ट पता चलता है कि बौद्ध धर्मप्रचारकों का कार्यक्षेत्र एलेक्जेंड्रिया और एशिया माइनर में रहा है।

कहा जाता है कि पायथेगोरस ही प्रथम युनानी है जिसने ग्रीस देश वाले हेलन्स लोगों को पुनर्जन्म का सिद्धान्त सिखाया। वे आर्य जाति के होने के कारण पहिले ही अपने मुर्दों को जलाते थे और व्यक्तिमान आत्मा के सिद्धान्त को मानते थे; अत: उन युनानियों को, पायथेगोरस के उपदेश से पुनर्जन्म का सिद्धान्त मान लेना आसान मालूम पड़ा। अपूलियस ( Apulcius ) के कथन के अनुसार पायथेगोरस भारतवर्ष में आये थे और वहाँ के ब्राह्मणों से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की थी।

अब तक हम यह जान चुके कि जहाँ कहीं आत्मा पृथक्, 'यथार्थ मनुष्य' ही—और न केवल शरीर को जीवित रखने वाला एक अंश ही—माना जाता है, वहाँ उसके पूर्व अस्तित्व का सिद्धान्त अवश्य ही निश्चित हो चुका; और जिन राष्ट्रों ने आत्मा के स्वतंत्र व्यक्तित्व को माना उन्होंने मृतक शरीर को जलाकर अपने उस विश्वास को बाह्य रूप में सदैव प्रकट भी किया यद्यपि आर्यों की एक पुरानी जातिवाले पर्शियानिवासियों (फारस देश वालों) ने पुराने जमाने से ही, बिना किसी सेमिटिक प्रभाव के, अपने यहाँ के मुर्दों को अलग करने की एक अद्भुत रीति प्रचलित की। वे अपने "Towers of Silence" को जिस नाम से पुकारते हैं वह नाम "दह" (जलाना) धातु से बना है।

संक्षेप में यह कह सकते हैं कि जिन जातियों ने अपनी प्रकृति के विश्लेषण की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया वे तो अपने सर्वस्व-रूपी इस भौतिक शरीर के परे नहीं पहुँचे और जब कभी उन्हें उसके परे जाने के लिये उच्चतर आलोक द्वारा प्रेरणा हुई तब भी वे केवल इसी सिद्धान्त पर पहुँचे कि किसी भी प्रकार, कभी सुदूर भविष्य में यह शरीर ही अविनाशी बन जायेगा।

इसके विपरीत उस जाति या राष्ट्र के लोगों ने, इंडो-आर्यन लोगों ने अपनी अधिकांश उत्तम शक्तियाँ इसी खोज में लगा दीं कि इस बुद्धि-शक्तियुक्त मनुष्य का यथार्थ स्वरूप क्या है? और परिणाम में उन्हें पता लगा कि इस शरीर के परे, और उनके पूर्वज जिस

तेजस्वी शरीर की आकांक्षा करते रहे उसके भी परे, 'यथार्थ मानव,' वह सत्य तत्त्व, वह व्यक्ति है जो इस शरीररूपी आवरण या वस्त्र को धारण कर लेता है और पुन: उसके जीर्ण हो जाने पर उसे अलग फेंक देता है। क्या यह तत्त्व सृष्ट किया गया? यदि 'सृजन' का अर्थ यह है कि 'कुछ नहीं' से कोई वस्तु बाहर आयी तब तो उसका उत्तर निश्चयात्मक "नहीं" है। यह आत्मा जन्मरहित और मरणरहित है; यह आत्मा किसी प्रकार के संमिश्रण या संयोग से बनी हुई नहीं है, वरन् स्वतंत्र व्यक्तिमत्ता है और इसी कारण न तो वह उत्पन्न की जा सकती और न उसका नाश ही किया जा सकता है। वह तो भिन्न भिन्न अवस्थाओं में से यात्रा कर रही है।

स्वभावत: यह प्रश्न उठता है कि वह इतने समय तक कहाँ थी? हिन्दू तत्ववेत्ता कहते हैं—"वह भौतिक दृष्टि से भिन्न भिन्न शरीरों में प्रवेश कर रही थी, या, यथार्थ में तात्त्विक दृष्टि से देखने पर भिन्न भिन्न मानसिक भूमिकाओं में से जा रही थी?"

हिन्दू दार्शनिक लोगों ने जो पुनर्जन्म का सिद्धान्त निकाला है उसके लिये वेदों के उपदेश के सिवाय और भी कोई प्रमाण है? हाँ! ऐसे प्रमाण हैं; और हम आगे यह बताने की आशा करते हैं कि उसके लिये ऐसे ही प्रबल प्रमाण हैं जैसे अन्य सर्वमान्य सिद्धान्त के लिये। परन्तु पहिले हम यह देख लें कि कई आधुनिक यूरोपीय मनीषियों ने पुनर्जन्म के सम्बन्ध में क्या कहा है।

आइ. एच्. फिश्ते (I. H. Fichte) आत्मा की अमरता के

विषय में बोलते हुए कहते हैं—"यह सच है कि प्राकृतिक जगत् में एक दृष्टान्त है जो दलील के रूप में अविच्छिन्न अस्तित्व के विरुद्ध सामने लाया जा सकता है। वह यही प्रसिद्ध तर्क है कि जिस वस्तु का किसी काल में आरम्भ हुआ उसका अन्त या नाश किसी काल में अवश्य होगा। अत: आत्मा भूत काल में थी इस विवाद पक्ष में उसका पूर्व अस्तित्व तो मान ही लिया गया। यह युक्तिसंगत सिद्धान्त है, पर यह तो उसके अविच्छिन्न अस्तित्व के विरोध में न होकर उसके पक्ष में एक नई बहस हो गई। यथार्थ में आवश्यकता है दर्शन-शास्त्र विषयक शारीरक शास्त्र के इस सत्य के सम्पूर्ण अर्थ को समझने की कि यथार्थ में कोई वस्तु उत्पन्न नहीं की जा सकती और न कोई वस्तु नष्ट ही की जा सकती है। इसी को समझने से, भौतिक शरीर में दृष्टि-गोचर होने के पूर्व आत्मा का अस्तित्व अवश्य रहा होगा, यह बात जँच जाती है।

शोपनहावर अपनी पुस्तक "Die Welt als Wille und Vorstellung" में पुनर्जन्म के विषय में कहते हैं—किसी व्यक्ति के लिये जैसी नींद है, उसी तरह 'इच्छाशक्ति' के लिये मृत्यु है। यदि स्मरण और व्यक्तित्व कायम रहें, तो उन्हीं कर्मों को करना और उन्हीं दु:खों को भोगना यही सदा, अनंत काल तक, बिना लाभ के करते रहना कभी सहन नहीं हो सकता। वह इन्हें दूर फेंक देता है और यही Lethe "लेथी" (मृत्यु) है, और इस मृत्युरूपी नींद में से नया प्राणी बनकर दूसरी बुद्धीन्द्रिय को साथ लेकर पुन:

प्रकट होता है; नया दिवस उसे नये प्रदेशों की ओर ललचाता है। तब तो ये सतत होने वाले नये जन्म उस अविनाशी इच्छा-शक्ति के जीवन-स्वप्न की लगातार श्रेणीरूप हैं। यह तब तक चलेगा जब तक कि बारंबार के नये शरीरों में अधिकाधिक और भिन्न भिन्न प्रकार के ज्ञान द्वारा शिक्षित और उन्नत होकर वह अपना ही अभाव करके अपने को विलुप्त न कर दे। इस प्रकार के पुनर्जन्म का अनुभव द्वारा भी प्रमाण मिल जाता है—यह नहीं भूलना चाहिये; यथार्थ में तो नये प्रकट होने वाले प्राणियों के जन्म से और जीर्ण होने वालों की मृत्यु से सम्बन्ध रहता ही है। यह बात तब दिखाई देती है जब कि उजाड़ बना देने वाली भयंकर बीमारियों का परिणाम-सा प्रतीत होने वाली मनुष्यजन्म-संख्या की बाढ़ का आधिक्य हुआ करता है। चौदहवी शताब्दी में जब "ब्लैक डेथ" (Black Death) नामक बिमारी ने 'पुरानी दुनियां' की अधिकांश आबादी को उजाड़ कर दिया उस समय मानव जाति में बहुत असाधारण रूप से उत्पत्ति-शक्ति और जन्मसंख्या बढ़ गई और यमज (जोड़िया) बालकों की पैदायश अधिक हुई। एक बात और उल्लेखनीय है कि उस समय पैदा होने वाले बच्चों के दांत पूरी संख्या में नहीं जमे; इस प्रकार प्रकृति ने भरपूर प्रयत्न किये, परन्तु सूक्ष्म अंगों की उत्पत्ति में कृपणता कर दी। यह विवरण एफ्. स्क्नरेर (F. Schnurrer) ने अपने Chronik der Senchen १८२५ में दिया है। कैस्पर (Casper) भी अपने Ueber die Wahrscheinliche Lebensdauer des Menschen १८३५ में इस सिद्धान्त का समर्थन करता है कि किसी विशिष्ट आबादी में

यहाँ की जन्मसंख्या का प्रभाव वहाँ के जीवनकाल की दीर्घता और मृत्युसंख्या पर अवश्य पड़ता है, क्योंकि जन्मसंख्या मृत्युसंख्या के साथ साथ चलती है; सदैव और सर्वत्र मृत्यु और जन्म की संख्याएँ समान अनुपात में बढ़ती और घटती हैं; इस बात को निःसंदेह रूप से सिद्ध करने के लिये उन्होंने भिन्न भिन्न देशों और भिन्न भिन्न प्रान्तों से प्रमाण एकत्र करके रखा है। और, तिस पर भी यह तो असम्भव है कि मेरे अल्पवय की मृत्यु से, और जिस विवाह से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है ऐसे विवाह द्वारा अनेक सन्तान के जन्म लेने से कोई भौतिक कार्य-कारण-सम्बन्ध हो। इस प्रकार यहाँ आध्यात्मिकता अस्वीकार करने लायक नहीं दिखाई देती और निश्चयात्मक रूप से भौतिक घटना को समझने लायक तात्कालिक कारण मिल जाता है। प्रत्येक नवजात प्राणी नये जीवन में ताजा और प्रफुल्लित होकर आता है और उसका स्वतंत्र देन के रूप में उपभोग करता है; परन्तु स्वतंत्र दान के रूप में कुछ भी नहीं दिया जाता और कुछ भी नहीं दिया जा सकता। इस ताजे जीवन का दाम बुढ़ापा और उस जीर्ण जीवन की मृत्यु द्वारा दिया जाता है, जिस जीवन का नाश तो हो गया। परन्तु उसके भीतर वह अविनाशी बीज था जिसमें से नया जीवन अंकुरित हुआ है। वे दोनों जीवन एक ही हैं।"

वह महान् अंग्रेज तत्त्ववेत्ता ह्यूम, यद्यपि वह शून्यवादी था, अमरत्व पर अविश्वासात्मक निबन्ध में कहता है—"आत्मा की देहान्तर-प्राप्ति (Metempsychosis) ही इस प्रकार का मत है जिस पर

दर्शन-शास्त्र ध्यान दे सकता है।" तत्त्ववेत्ता लेसिंग एक कवि की गम्भीर अन्तर्दृष्टि के साथ पूछता है, "वह मत या कल्पना क्या इतनी हँसी के लायक इसीलिये है कि यह सब से पुरानी है?—इसीलिये कि मानव बुद्धि—विभिन्न पंथों के मिथ्यावादों के द्वारा नष्ट या दुर्बल होने के पूर्व—एकदम उस कल्पना पर उतर पड़ी?....जिस प्रकार मैं नया ज्ञान, नया अनुभव कई बार प्राप्त कर सकता हूँ, उसी प्रकार अनेक बार मैं क्यों न लौट आऊँ? क्या मैं एक ही बार में इतना ले आया हूँ कि दुबारा वापस लौटने का कष्ट व्यर्थ जायगा?"

आत्मा का अस्तित्व पूर्व से ही रहता है और वह अनेक जन्म धारण करती है, इस सिद्धान्त के पक्ष और विपक्ष में कई दलीलें दी गई हैं और सभी समय के कई अत्यन्त विचारवान पुरुष उस सिद्धान्त का पक्ष लेकर विरोधी के वाद का खण्डन करते आये हैं; और जहाँ तक हम समझ सकते हैं यदि कोई व्यक्तिमान आत्मा है तो उसका अस्तित्व पहिले से रहना आवश्यक दिखता है। यदि आत्मा का स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं है वरन् वह स्कंधों (विचारों) का संयोग है जैसा कि बौद्ध सम्प्रदाय के माध्यमिकों का कहना है, तो भी उन्हें अपने मन को समझाने के लिये पूर्व अस्तित्व को स्वीकार करना अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है।

अनंत अस्तित्व के किसी काल में आरम्भ होने की असम्भावना सिद्ध करने वाली दलील का कोई खण्डन नहीं हो सकता, यद्यपि इस दलील को काटने के प्रयत्न यह कह कर किये गये हैं कि

ईश्वर सर्वशक्तिमान है और वह कुछ भी कार्य—चाहे वह तर्क के असंगत ही क्यों न हो—कर सकता है। हमें यह देख कर खेद होता है कि इस प्रकार का भ्रमपूर्ण विवाद कई अत्यन्त विचारवान पुरुष किया करते हैं।

पहिली बात तो यह है कि ईश्वर सभी घटनाओं का एक मात्र सामान्य कारण है, इसलिये प्रश्न यह है कि कुछ विशिष्ट घटनाओं के स्वाभाविक कारणों का पता मानवात्मा में ही लगाना होगा। अतः "कर्ता-धर्ता सब ईश्वर ही है" (Deus ex machina) का सिद्धान्त यहाँ बिलकुल असंगत है। इसका अर्थ तो इसके सिवाय और कुछ नहीं होता कि हम अपना अज्ञानी होना स्वीकार करते हैं। मानवज्ञान के किसी भी विभाग में किसी भी प्रश्न के पूछे जाने पर हम यही उत्तर दे सकते हैं और हर प्रकार की पूछताछ को—और परिणामतः ज्ञान को ही—बन्द कर सकते हैं।

दूसरी बात यह है कि हर समय ईश्वर की सर्वशक्तिमत्ता की दुहाई देना केवल शब्द-जाल है। कारण का, कारण के रूप में कार्य के लिये पर्याप्त होना ही हमें विदित होता है, और हो सकता है; इससे अधिक और कुछ नहीं। इस तरह हम किसी सर्वशक्तिमान कारण की अपेक्षा किसी अनंत कार्य के विषय में और अधिक विचार नहीं कर सकते। इसके सिवाय यह भी है कि ईश्वर सम्बन्धी हमारे सभी विचार समर्याद ही हैं; उसे कारण कहना भी तो हमारे ईश्वर सम्बन्धी विचार को मर्यादित कर देना है।

तीसरी बात यह है कि वह स्वीकार भी कर लिया जाय तो हम ऐसे किसी असम्भव सिद्धान्त को तब तक मानने को बाध्य नहीं हैं कि "कुछ नहीं (या शून्य) में से कोई पदार्थ उत्पन्न हुआ" या "किसी अनंत पदार्थ का आदि या आरम्भ किसी विशिष्ट काल में हुआ" जब तक कि हम इसे और अधिक अच्छे प्रकार से समझ सकते हैं।

पूर्व अस्तित्व के सिद्धान्त के विरोध में एक बहुत बड़ी कहलाने वाली यह दलील दी जाती है कि मनुष्य जाति में से अधिकांश को इसका भान नहीं है। इस दलील की सत्यता को प्रमाणित करने के लिये यह सिद्ध करना चाहिये कि मानवात्मा का सम्पूर्ण अंश स्मरण-शक्ति से बद्ध है। यदि स्मृति अस्तित्व की जाँच है तब तो हमारे जीवन का वह अंश जो अभी उसमें नहीं है उसका तो अस्तित्व नहीं ही होना चाहिये और हर एक मनुष्य जो बेहोशी की अवस्था में या और किसी तरह अपनी स्मरण-शक्ति को खो बैठता है वह भी अस्तित्व-हीन होना चाहिये।

जिन तर्कों पर से यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि पूर्व अस्तित्व है—और वह भी सज्ञान कर्म की भूमिका में है (जैसा कि हिन्दू दार्शनिक विद्वान सिद्ध करते हैं) वे तर्क मुख्यत: ये हैं:—

प्रथमत:—इस संसार में जो असमानता है उसको और किस प्रकार से समझायें। न्यायी और दयानिधान ईश्वर की सृष्टि में एक बालक जन्म लेता है, उसकी हर एक परिस्थिति उसको उत्तम और

मानवसमाज के लिये उपयोगी बनाने के लिये अनुकूल है; और सम्भवत: उसी क्षण में और उसी शहर में एक दूसरा बालक जन्म लेता है जिसकी प्रत्येक परिस्थिति उसके अच्छे बनने के प्रतिकूल है। हम ऐसे बच्चे देखते हैं जो कि दु:ख भोगने के लिये—और सम्भवत: जन्मभर दु:ख भोगने के लिये ही—जन्म लेते हैं; और ऐसा उनके स्वयं के किसी अपराध के कारण नहीं होता। ऐसा क्यों होना चाहिये? इसका कारण क्या है? किसकी अज्ञानता का यह परिणाम है? यदि उस बालक का कोई अपराध नहीं है तो उसके माता-पिता के कर्मों के लिये उसे क्यों दु:ख भोगना चाहिये?

यहाँ के दु:ख के अनुपात से भविष्य में सुख मिलेगा ऐसा प्रलोभन दिखाने या "रहस्यात्मक" बातें सामने लाने की अपेक्षा तो 'इसका कारण हम नहीं जानते'—यह स्वीकार कर लेना अधिक अच्छा है। कोई हमें बिना अपराध के जबरदस्ती दंड भुगतावे यह तो नैतिकता के विरुद्ध है—अन्याय तो है ही—"परन्तु भविष्य काल में पूर्ति होने"—का सिद्धान्त भी लंगड़ा और निराधार है।

दु:ख में जन्म लेने वालों में से कितने उच्चतर जीवन बनाने का कष्टकर प्रयत्न करते हैं और कितने—उससे अधिक संख्या में—जिस परिस्थिति में रखे जाते हैं उसी के शिकार हो जाते हैं? बुरी परिस्थिति में बलात् जन्म दिये जाने के कारण जो अधिक बुरे और दुष्टतर बन जाते हैं उन्हें भविष्य में उनके जीवनकाल की दुष्टता के लिये क्या पारितोषिक मिलना चाहिये? तब तो मनुष्य यहाँ जितना

ही अधिक दुष्ट होगा उतना ही इस जन्म के पश्चात् उसे सुखोपभोग प्राप्त होगा।

मानव-आत्मा के वैभव और स्वतंत्रता को प्रतिष्ठित करने के लिये और इस संसार में प्रचलित असमानता और भयानक दुःखों के अस्तित्व को समझाने के लिये कुल भार उसके यथार्थ कारण—हमारे निज के स्वतंत्र कृत्यों या "कर्म"—पर रखने के सिवाय और कोई दूसरा मार्ग नहीं है। इतना ही नहीं, बल्कि आत्मा का शून्य (या अस्तित्व-हीन वस्तु) से उत्पन्न किये जाने का सिद्धान्त अवश्यमेव हमें "दैववाद और प्रारब्ध-लेख" की ओर ले जायेगा, और दयानिधान परमपिता" ईश्वर के बदले हमारे सामने पूजा के लिये भयंकर, निर्दयी और सदा रुष्ट ईश्वर स्थापित कर देगा। और जहाँ तक धर्म की भलाई या बुराई करने की शक्ति का सम्बन्ध है, उसमें तो यह उत्पन्न की हुई आत्मा का सिद्धान्त परिणाम में "दैव और प्रारब्ध-लेख" के वादों की ओर ले जाकर उस भयानक धारणा के लिये उत्तरदायी बनता है जो ईसाइयों और मुसलमानों में प्रचलित है—कि मूर्तिपूजकों को तलवार के घाट उतार देना (बुतपरस्तों को कत्ल कर देना) न्यायसंगत है। और उसी के कारण सभी भयानक दुर्घटनाएँ हुई हैं और अब तक हो रही हैं।

परन्तु न्यायमतवादी तत्ववेत्ताओं ने पुनर्जन्म के पक्ष में सदैव एक तर्क उपस्थित किया है जो हमें निश्चयात्मक प्रतीत होता है; वह तर्क यह है कि "हमारे अनुभव लुप्त या नष्ट नहीं किये जा

सकते।"— हमारी कृतियाँ (कर्म) यद्यपि देखने में लुप्त सी हो जाती हैं तथापि "अदृष्ट" बनी हुई रहती हैं और अपने परिणाम में "प्रवृत्ति" का रूप धारण करके पुनः प्रकट होती हैं। छोटे छोटे बच्चे भी कुछ प्रवृत्तियों को—उदाहरणार्थ, मृत्यु का भय—अपने साथ लेकर आते हैं।

अब यदि प्रवृत्ति बारंबार किये हुए कर्म का परिणाम है तो जिन प्रवृत्तियों को साथ लेकर हम जन्म धारण करते हैं उनको समझने के लिये उस कारण का भी उपयोग करना चाहिये। यह तो स्पष्ट है कि वे प्रवृत्तियाँ हमें इस जन्म में प्राप्त हुई नहीं हो सकतीं; अतः हमें उनका मूल पिछले जन्म में ढूँढना चाहिये। अब यह भी स्पष्ट है कि हमारी प्रवृत्तियों में से कुछ तो मनुष्य के ही जान बूझकर किये हुये प्रयत्नों के परिणाम हैं; और यदि यह सच है कि हम उन प्रवृत्तियों को अपने साथ लेकर जन्म लेते हैं तब तो बिल्कुल यही सिद्ध होता है कि उनके कारण गतजन्म में जानबूझकर किये हुए प्रयत्न ही हैं—अर्थात् इस वर्तमान जन्म के पूर्व हम उसी मानसिक भूमिका में रहे होंगे जिसे हम मानवभूमिका कहते हैं।

जहाँ तक वर्तमान जीवन की प्रवृत्तियों को भूतकालीन ज्ञानपूर्वक किये हुए प्रयत्नों द्वारा समझाने की बात है वहाँ तक भारतवर्ष के पुनर्जन्मवादी और वर्तमान विकासवादी एकमत हैं; अन्तर केवल इतना ही है कि हिन्दू लोग अध्यात्मवादी होने के कारण उसे जीवात्माओं के सज्ञान प्रयत्नों के द्वारा समझाते हैं और विकासवाद के भौतिक मतवाले उसे पिता से पुत्र में आने वाले आनुवंशिक संक्रमण द्वारा

समझाते हैं। जो शून्य से उत्पत्ति होने का सिद्धान्त मानते हैं वे तो किसी गिनती में नहीं हैं।

अब विवाद केवल पुनर्जन्मवादियों और भौतिकवाद वालों में ही है—पुनर्जन्मवादी लोग यह मानते हैं कि सभी अनुभव प्रवृत्तियों के रूप में अनुभव करने वाले जीवात्मा में संगृहीत रहते हैं और उस अविनाशी जीवात्मा के पुनर्जन्म द्वारा संक्रमित किये जाते हैं; भौतिकवाद वाले मस्तिष्क को सभी कर्मों के आधार होने के और बीजाणुओं (Cells) के द्वारा उनके संक्रमण का सिद्धान्त मानते हैं।

इस प्रकार हमारे लिये पुनर्जन्म का सिद्धान्त बहुत महत्त्वपूर्ण बन जाता है, क्योंकि पुनर्जन्म के और बीजाणुओं के द्वारा आनुवंशिक संक्रमण के बीच में जो विवाद है वह यथार्थ में आध्यात्मिकता और भौतिकता का विवाद है। यदि बीजाणुओं द्वारा आनुवंशिक संक्रमण समस्या को हल करने के लिये पूर्णतः पर्याप्त है तब तो भौतिकता ही अपरिहार्य है और आत्मा के सिद्धान्त की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि वह पर्याप्त नहीं है तो प्रत्येक आत्मा अपने साथ इस जन्म में अपने भूतकालिक अनुभवों को लेकर आती है यह सिद्धान्त पूर्णतः सत्य है। पुनर्जन्म या भौतिकता—इन दो में से किसी एक को मानने के सिवाय और कोई गति नहीं है। प्रश्न यह है कि हम किसे मानें?

---

# हमारे अन्य प्रकाशन

## हिन्दी विभाग

१-३. **श्रीरामकृष्णवचनामृत**–तीन भागों में–अनु० पं. सूर्यकान्त त्रिपाठी, 'निराला', प्रथम भाग ( द्वितीय संस्करण ), मूल्य ६); द्वितीय भाग-मूल्य ६); तृतीय भाग-मूल्य ७॥)

४-५. **श्रीरामकृष्णलीलामृत**–( विस्तृत जीवनी )–( द्वितीय संस्करण )– दो भागों में, प्रत्येक भाग का मूल्य ... ... ५)

६. **विवेकानन्द-चरित**–(विस्तृत जीवनी)–सत्येन्द्रनाथ मजूमदार, मूल्य ६)

७. **विवेकानन्दजी के संग में**–( वार्तालाप )–शिष्य शरच्चन्द्र. द्वि.सं. मूल्य ५)

## स्वामी विवेकानन्द कृत पुस्तकें

| | | | |
|---|---|---|---|
| ८. | **भारत में विवेकानन्द**–( विवेकानन्दजी के भारतीय व्याख्यान ) | | ५) |
| ९. | **पत्रावली (प्रथम भाग)** | ( प्रथम संस्करण ) | २=) |
| १०. | ,, **(द्वितीय भाग)** | ( प्रथम संस्करण ) | २=) |
| ११. | **धर्मविज्ञान** | ( द्वितीय संस्करण ) | १॥=) |
| १२. | **कर्मयोग** | ( द्वितीय संस्करण ) | १॥=) |
| १३. | **हिन्दू धर्म** | ( द्वितीय संस्करण ) | १॥) |
| १४. | **प्रेमयोग** | ( तृतीय संस्करण ) | १।=) |
| १५. | **भक्तियोग** | ( तृतीय संस्करण ) | १।=) |
| १६. | **आत्मानुभूति तथा उसके मार्ग** | ( द्वितीय संस्करण ) | १।) |
| १७. | **परिव्राजक** | ( चतुर्थ संस्करण ) | १।) |
| १८. | **प्राच्य और पाश्चात्य** | ( चतुर्थ संस्करण ) | १।) |
| १९. | **महापुरुषों की जीवनगाथायें** | ( प्रथम संस्करण ) | १।) |
| २०. | **राजयोग** | ( प्रथम संस्करण ) | १=) |
| २१. | **स्वाधीन भारत! जय हो!** | ( प्रथम संस्करण ) | १=) |
| २२. | **धर्मरहस्य** | ( प्रथम संस्करण ) | १) |
| २३. | **भारतीय नारी** | ( प्रथम संस्करण ) | ॥।) |
| २४. | **शिक्षा** | ( प्रथम संस्करण ) | ॥=) |
| २५. | **शिकागो वक्तृता** | ( पञ्चम संस्करण ) | ॥=) |

| | | |
|---|---|---|
| २६. | **हिन्दू धर्म के पक्ष में** ( द्वितीय संस्करण ) | ॥≈) |
| २७. | **मेरे गुरुदेव** ( चतुर्थ संस्करण ) | ॥≈) |
| २८. | **वर्तमान भारत** ( तृतीय संस्करण ) | ॥) |
| २९. | **पवहारी बाबा** ( द्वितीय संस्करण ) | ॥) |
| ३०. | **मेरा जीवन तथा ध्येय** ( प्रथम संस्करण ) | ॥) |
| ३१. | **मन की शक्तियाँ तथा जीवनगठन की साधनायें** | ॥) |
| ३२. | **भगवान रामकृष्ण धर्म तथा संघ**–स्वामी विवेकानन्द, स्वामी शारदानन्द, स्वामी ब्रह्मानन्द, स्वामी शिवानन्द; मूल्य | ॥≈) |
| ३३. | **मेरी समर-नीति** ( प्रथम संस्करण ) | ।≋) |
| ३४. | **ईशदूत ईसा** ( प्रथम संस्करण ) | ।≈) |
| ३५. | **कवितावली** ( प्रथम संस्करण ) | ॥≈) |
| ३६. | **विवेकानन्दजी की कथायें** (प्रथम संस्करण) | १।) |
| ३७. | **परमार्थ-प्रसंग**—स्वामी विरजानन्द, ( आर्ट पेपर पर छपी हुई ) | |
| | कपड़े की जिल्द, मूल्य | ३॥) |
| | कार्डबोर्ड की जिल्द, ,, | ३।) |
| ३८. | **श्रीरामकृष्ण-उपदेश**, ( प्रथम संस्करण ) | ॥≈) |

## मराठी विभाग

| | | |
|---|---|---|
| १-२. | **श्रीरामकृष्ण-चरित्र**—प्रथम भाग ( तिसरी आवृत्ति ), | ३।) |
| | द्वितीय भाग ( दुसरी आवृत्ति ) | ३।) |
| ३. | **श्रीरामकृष्ण-वाक्सुधा** ( दुसरी आवृत्ति ) | ॥।≈) |
| ४. | **शिकागो-व्याख्याने**—स्वामी विवेकानन्द | ॥≈) |
| ५. | **माझे गुरुदेव** ( दुसरी आवृत्ति)—स्वामी विवेकानन्द | ॥≈) |
| ६. | **हिंदु-धर्माचे नव-जागरण**—स्वामी विवेकानंद | ॥-) |
| ७. | **पवहारी बाबा**—स्वामी विवेकानंद | ॥) |
| ८. | **साधु नाग महाशय चरित्र** (भगवान श्रीरामकृष्णांचे सुप्रसिद्ध शिष्य)—( दुसरी आवृत्ति ) | २) |

**श्रीरामकृष्ण आश्रम, धन्तोली, नागपुर, म. प्र.**